Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited
CIN: U75100MP2015SGC034434
2nd Floor, Smart City Development Corporation Office Building, Kalibadi Road, BHEL, Sector-A, Berkheda, Bhopal- 462022
Tel. 0755-2475607
Email:- publicrelations@mpmrcl.in
Website: www.mpmetrorail.com

प्रेस नोट

MPMRCL
02.09.2023

मेट्रो ट्रायल रन की तैयारियां द्रुत गति से जारी

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मंशा अनुरूप इसी माह भोपाल एवं इंदौर मे होगा ट्रायल रन ।

श्री मनीष सिंह, प्रबंध संचालक द्वारा भोपाल एवं इंदौर मे निरंतर की जा रही निर्माण कार्यों की समीक्षा।

सितंबर माह मे होने वाले मेट्रो ट्रायल रन के मद्देनजर प्रबंध संचालक आज दिनांक 02.09.2023 को भोपाल मेट्रो साइट्स का निरीक्षण करने पहुंचे ।

श्री सिंह द्वारा निर्देश दिए गए कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर दिन-रात कार्य कर तय समय मे पूर्ण कर लिए जाएं ।

इस माह के मध्य तक भोपाल-इंदौर मेट्रो ट्रायल रन के लिए अधोसंरचना संबंधी सभी कार्य होंगे पूर्ण ।

अन्य बचे हुए कार्य ट्रायल रन उपरांत समय सीमा मे किए जाएंगे पूर्ण ताकि मेट्रो ट्रेन का आमजन के लिए संचालन जल्द ही शुरू किया जा सके ।

06 सितंबर,2023 तक Alstom **कंपनी, सावली, वडोदरा से रवाना होंगे भोपाल मेट्रो के लिए ऑरेंज लाइन के तीन कोच, जिसके एक डिब्बे की 2.9 मीटर चौड़ाई एवं 22 मीटर लंबाई होगी ।**

तत्पश्चात भोपाल डेपो मे ट्रेन को अनलोडिंग-बे पर अनलोड किया जाएगा, इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई है, साथ ही ट्रेन के आने से पूर्व जल्द ही “Mock-Trial of Trailor for Movement” **परीक्षण भी किया जाएगा जिसमे रूट मैप, रोड़ की चौड़ाई, ट्रेन का भार, रोड़ के मोड़/घुमाव इत्यादि की जांच की जाएगी सब कुछ जाँचने के बाद मेट्रो ट्रेन को लाया जाएगा ।**

मुख्यमंत्री जी के उद्घाटन पूर्व टेस्ट ट्रैक एवं वायाडक्ट पर ट्रेन का ट्रायल रन किया जाएगा जिसमे सेफ़्टी परीक्षण एवं अन्य आवश्यक जांच की जाएगी । साथ ही स्टेशन पर लगे एस्केलेटर, लिफ्ट इत्यादि का भी ट्रायल करके जांच की जाएगी ।

निरीक्षण कार्यक्रम के मुख्य बिन्दु:

- **श्री सिंह द्वारा, ट्रायल रन के मद्देनजर आज सुबह भोपाल मेट्रो स्टेशन एवं डिपो मे सभी संबंधित विभागों के साथ निरीक्षण कर कार्य समय पर सुरक्षा के साथ पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया ।**
- **एमडी द्वारा स्टेशन पर लगे एस्कलैटर, लिफ्टस, (PEB) स्ट्रक्चर/शेड, ट्रैक, अग्निशमन संबंधित कार्यों का विस्तार से निरीक्षण किया एवं निर्देश दिए की साफ-सफ़ाई एवं हाउस्कीपिंग के कार्यों को भी साथ-साथ किया जाए, तत्पश्चात बाहरी एवं आंतरिक सौन्दरियकर्ण के कार्य किए जाएंगे ।**
- **अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया कि ट्रायल रन के लिए सभी महत्वपूर्ण कार्य समय पर पूर्ण कर लिए जाएंगे। साथ ही एमडी द्वारा एंट्री-अगसिट पॉइंट का भी निरीक्षण किया एवं निर्देश दिए की सुभाष नगर स्टेशन को एंट्री-अगसिट पॉइंट से (FOB-Foot Over Bridge) से जोड़ने का कार्य जल्द पूर्ण कर लिया जाए ।**
- **श्री सिंह द्वारा स्टेशन कान्ट्रैक्टर को निर्देशित किया गया कि बचा हुआ काम जल्द पूर्ण करके नीचे की रोड़ जल्द से जल्द बना दी जाए ।**

सितंबर माह मे मेट्रो का ट्रायल होना है, उससे पहले सैफ्टी ट्रायल एवं अन्य गतिविधियां की जाएगी तत्पश्चात अगले वर्ष मई-जून,2024 मे कमर्शियल/पैसेंजर ऑपरेशन का संचालन किया जाएगा **।**

प्रबंधक संचालक के निरीक्षण कार्यक्रम में श्री अजय शर्मा**,** निदेशक (प्रोजेक्ट)**,** श्री शोभित टंडन, निदेशक (सिस्टम), श्री अजय कुमार**,** महाप्रबंधक (सिविल)**,** श्री अजय गुप्ता, महाप्रबंधक (ट्रैक), श्री एन.डी. शक्यावार, महाप्रबंधक (ई&एम), कॉरपोरेशन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी, जनरल कंसलटेंट के वरीय अधिकारी मौजूद रहे। प्रबंध निदेशक ने अधिकारियों को निर्माण कार्य को द्रुत गति में लाने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए।

****

PR/MPMRCL/सितंबर/2023
02.09.2023